# संयुक्त राष्ट्र द्वारा गाज़ा में अकाल की घोषणा

[स्रोत: द हिंदू](#)

**संयुक्त राष्ट्र** ने आधिकारिक रूप से **गाज़ा में अकाल घोषित किया है,** जिससे **पश्चिम एशिया में पहला अकाल** दर्ज हुआ है। संघर्ष और भोजन तक सीमित पहुँच के कारण पाँच लाख से अधिक लोग अत्यधिक भुखमरी का सामना कर रहे हैं।

- **अकाल (Famine): इंटीग्रेटेड फूड सिक्योरिटी फेज़ क्लासिफिकेशन (IPC)** के अनुसार, अकाल वह स्थिति है जिसमें **कम से कम पाँच में से एक परिवार भोजन की अत्यधिक कमी से जूझ रहा हो और भूखमरी तथा निर्धनता का सामना कर रहा हो।** इसके परिणामस्वरूप बच्चों और वयस्कों में तीव्र कुपोषण तथा मृत्यु के अत्यंत गंभीर स्तर तक स्थिति पहुँच जाती है।
  - IPC फेज़ 5, **IPC की तीव्र खाद्य असुरक्षा पैमाने** का सबसे उच्च चरण है। इसे तब घोषित किया जाता है जब किसी क्षेत्र में कम से कम **20% परिवार गंभीर खाद्य असुरक्षा से प्रभावित हों, पाँच वर्ष से कम आयु के कम से कम 30% बच्चे तीव्र कुपोषण से ग्रस्त हों** और प्रतिदिन प्रति 10,000 लोगों पर कम से कम 2 मृत्यु हो रही हों।
- **कारण:** इज़राइल-हमास संघर्ष में तीव्र वृद्धि, बड़े पैमाने पर विस्थापन और मानवीय एवं वाणिज्यिक खाद्य आपूर्ति पर गंभीर प्रतिबंध।

## गाज़ा पट्टी (Gaza Strip)

- गाज़ा पट्टी [पश्चिम एशिया](#) का एक तटीय क्षेत्र है, जिसकी लंबाई लगभग 41 किलोमीटर और चौड़ाई 10 किलोमीटर है। यह [सिनाई प्रायद्वीप](#) **के उत्तर-पूर्व** में स्थित है।
- इसकी सीमाएँ **उत्तर और पूर्व में इज़रायल, दक्षिण-पश्चिम में मिस्र तथा पश्चिम में भूमध्य सागर से मिलती हैं।**
- गाज़ा पट्टी रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण व सघन आबादी वाला क्षेत्र है, जो [इज़रायल-फिलिस्तीन संघर्ष](#) के केंद्र में है और जहाँ लगातार मानवीय, राजनीतिक तथा सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियाँ बनी हुई हैं।




| |
|---|
| **और पढ़ें:** [संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव: गाज़ा में युद्धविराम](#) |

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/un-declares-famine-in-gaza